तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 18 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 पुलिस कॉलोनी में खेलों से मना स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी, विजेताओं ...



14 विधानसभा स्तरीय विशाल तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन






## खबर संक्षेप

### राधिका राठी का एमबीबीएस में चयन

**साजा।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी माहेश्वरी समाज साजा के वरिष्ठ सदस्य संतोष राठी एवं श्रीमती दुर्गा राठी की सुपुत्री राधिका राठी का शासकीय मेडिकल कालेज जगदलपुर में एमबीबीएस में चयन हुआ वे शहर के स्व ठाकुर दास जी राठी की सुपौत्री है राधिका के इस उपलब्धि से समूचा साजा नगर,माहेश्वरी समाज एवं राठी परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय हे। राधिका को परिवारजनों सहित अन्य शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की हैं।

### भिलाई-3 में सटोरिया से 45 हजार रुपए जब्त

**भिलाई।** सटोरिया को पुलिस ने नगदी रकम के साथ गिरफ्तार किया है। मामले में भिलाई तीन पुलिस ने कार्रवाई किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नूतन चौक भिलाई 3 निवासी राहुल चौरसिया हार जीत का दांव लगा रहा है। पुलिस ने तुंरत टीम लेकर दबिश देने पहुंची। जहां राहुल सट्टा खिला रहा था। उसे पकड़ कर 45 हजार रुपए और 20 नग सट्टा पट्टी, नीले स्याही का डाट पेन जब्त किया।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शिवनाथ नदी रोड पंचवटी भवन के सामने अवैध शराब बेचते हुए तकिया पारा दुर्ग निवासी शेख रहमान को पकड़ा गया। उसके पास से कुल 5.4 बल्क लीटर शराब 3 हजार रुपए का जब्त किया गया।

### गांजा तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा का अवैध कारोबार करन वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश दिया। पूछताछ में आरोपी युवकों ने अपना नाम ग्राम चाका मुंडीचर प्रयागराज यूपी निवासी मोहित जायसवाल, डब्ल्यू बंसकार को पकड़ा गया। आरोपी युवक गांजा को उड़सा से खरीद कर बस से दुर्ग पहुंचे। दुर्ग से ट्रेन पकड़कर वापस प्रयागराज जाने की तैयारी में थे। आरोपियों के पास से पुलिस ने 21.260 किलोग्राम गांजा जब्त किया था। जिसकी कीमत 2. 10 लाख रुपए आंकी गई है।

# अंचल में आकार लेने लगी गणपति की प्रतिमा, गणेशोत्सव की तैयारियों में जुटे मूर्तिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

गणेश चतुर्थी का पर्व आने में अभी कुछ दिन बाकी हैं, लेकिन जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में इसकी तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। गांवों में मूर्ति निर्माता पारंपरिक विधि से गणेश प्रतिमाओं को आकार देने में जुटे हैं।

आगामी 27 अगस्त को मनाए जाने वाले इस पर्व के लिए महीना भर पहले से मूर्तिकारों ने मूर्ति निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस बार भी मूर्तियां पूरी तरह मिट्टी, लकड़ी, पराली, बारदाना और जूट की रस्सियों से तैयार की जा रही हैं। गाडाडीह और परपोड़ी क्षेत्र के कलाकार दिन-रात मेहनत कर 1 फीट से लेकर 12 फीट तक की मूर्तियां तैयार कर रहे हैं, जिनकी कीमत ऑर्डर के आधार पर तय की जाती है।

## गणेश चतुर्थी के महीनेभर पहले से चल रही तैयारी



### कम मेहनताना, फिर भी अपार श्रद्धा

मूर्ति निर्माण में भारी मेहनत के बावजूद मूर्तिकारों को मेहनताने का केवल एक चौथाई हिस्सा ही मिल पाता है। बावजूद इसके वे पूरे समर्पण से मूर्ति निर्माण में लगे रहते हैं। गणेशोत्सव के तुरंत बाद वे दुर्गा प्रतिमाओं के निर्माण में जुट जाते हैं, जिससे उन्हें महीनों बाद ही विश्राम का समय मिल पाता है।

### मिट्टी, लकड़ी और मेहनत से बनती है 'बप्पा' की मूरत

मूर्तिकारों के अनुसार, चिकनी मिट्टी को महीनों पहले से तैयार कर उसमें लकड़ी और जूट की रस्सियों का सहारा लिया जाता है ताकि प्रतिमा मजबूत और टिकाऊ बने। इसके बाद परंपरागत औजारों से मूरतों को आकार दिया जाता है और अंत में रंगाई-पुताई के साथ इन्हें सजाया जाता है।

## कलेक्टर, सीएमएचओ, सीएस व बीएमओ सहित संबंधित अधिकारियों को दिए आंदोलन सूचना

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी आज से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे इसकी सूचना संघ के पदाधिकारियों ने लिखित में कलेक्टर, सीएमएचओ, सीएस व बीएमओ सहित संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले आयोजित इस आंदोलन की जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष पूरन दास, डॉ. बृजेश दुबे, मनीष शर्मा एवं डॉ. अभिषेक यादव ने संयुक्त रूप कहा कि सरकार की बेरुखी और अड़ियल रवैये से आक्रोशित होकर इस बार कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया है। 15 अगस्त तक सरकार की ओर से हमारी 10 सूत्रीय मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया हैं, जिसके चलते 18 अगस्त से प्रदेशभर के 16,000 से अधिक कर्मचारी कामबंद, कलमबंद हड़ताल करेंगे। इस बार संघ ने विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) समेत सभी आपातकालीन सेवाओं को भी बंद रखने का कठोर निर्णय लिया है। शासन को इसकी पूर्व सूचना पहले ही दे दी गई है।

### एनएचएम कर्मचारियों की 10 प्रमुख मांगे

संविलियन व स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे का निर्धारण, कार्य मूल्यांकन प्रणाली में पारदर्शिता, लंबित 27% वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में एनएचएम कर्मचारियों के लिए आरक्षण, अनुकम्पा नियुक्ति, मेडिकल व अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख का कैशलेस चिकित्सा बीमा।

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
छत्तीसगढ़


### 20 वर्षों की सेवा के बाद भी उपेक्षा

संघ ने कहा कि एनएचएम कर्मचारी पिछले 20 वर्षों से प्रदेश के सुदूर अंचलों से लेकर प्रमुख शासकीय संस्थानों तक स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बने हुए है।कोविड-19 जैसी महामारी में भी इनकी भूमिका अतुलनीय रही है। इसके बावजूद आज भी इन्हें मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है, जबकि अन्य राज्यों में इसी मिशन के कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं।

### राजनीतिक समर्थन और अब की अनदेखी

संघ के जिलाध्यक्ष पूरन दास एवं जिला प्रवक्ता डॉ. बृजेश दुबे ने बताया कि मौजूदा सरकार के कई वरिष्ठ नेता जैसे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप एवं अन्य बड़े नेताओं ने पूर्व में एनएचएम कर्मचारियों के मंचों पर आकर खुले समर्थन का आश्वासन देते रहे है। छत्तीसगढ़ के चुनावी घोषणा पत्र 2023 में "मोदी की गारंटी" में भी नियमितीकरण का वादा किया गया है। लेकिन इस सरकार के विगत 20 माह में 160 से अधिक बार ज्ञापन व आवेदन देने के बाद भी कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया।अब कर्मचारी आंदोलन के लिए बाध्य है। 18 अगस्त से यदि सरकार तत्काल संवाद स्थापित कर हमारी जायज़ मांगों पर निर्णय नहीं लेती है तो प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से बेपटरी हो जाएंगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# बेमेतरा ग्रामीण व देवरबीजा में मंडल कांग्रेस कमेटी गठन की तैयारी शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र के बेमेतरा ग्रामीण एवं देवरबीजा में मंडल कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर कांग्रेस की बैठक हुई। इसमें बेमेतरा ग्रामीण प्रभारी सुरेंद्र तिवारी, देवरबीजा प्रभारी एवं पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अवनीश राघव तथा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं को बताया गया कि मंडल कांग्रेस कमेटी सीधे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेतृत्व से जुड़ी रहेगी और समय-समय पर मार्गदर्शन प्राप्त करेगी। नेताओं ने कहा कि कमेटी में कांग्रेस के जमीनी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। जुझारू एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को इसमें स्थान मिलेगा, ताकि वे लगातार जनसंपर्क करते हुए आम जनता की समस्याओं और आवाज को पार्टी के मंच पर ला सकें। कांग्रेस हमेशा से जनता की आवाज बनकर रही है और आगे भी उसी भूमिका में बनी रहेगी।

- जमीनी और जुझारू कार्यकर्ताओं को मिलेगी प्राथमिकता, जनता की आवाज बनेगी कमेटी

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर बेमेतरा ब्लॉक से ललित विश्वकर्मा, लुकेश वर्मा, टी.आर. जनार्दन, मनोज शर्मा, मिथलेश वर्मा, राजेंद्र वर्मा, भावसिंह राज, राजा वर्मा, बहल वर्मा, चितरेन वर्मा, मोहित वर्मा, अनिल दुबे, अमित वर्मा, भुनेश्वर वर्मा, ऋषि वर्मा, महत्तेर वर्मा, बसंत जोशी, हेमलाल साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाना इस प्रशिक्षण का एकमात्र उद्देश्य: घृतलहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत जिले के हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण 18 व 19 अगस्त को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) बेमेतरा में शुरू हो गया है। यह प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक संचालित होगा। डायट के प्राचार्य जे. के. घृतलहरे ने बताया कि प्रशिक्षण में हर संकुल से एक प्राचार्य, प्रभारी प्राचार्य या संस्था का वरिष्ठ व्याख्याता अनिवार्य रूप से शामिल होगा। 18 अगस्त को बेमेतरा व नवागढ़ विकासखंड के प्राचार्य शामिल हुए, जबकि 19 अगस्त को साजा व बेरला विकासखंड के प्राचार्य प्रशिक्षण में शामिल होंगे।

- आज और कल डाइट में होगा संकुल प्राचार्यों का प्रशिक्षण
- एससीईआरटी ने संकुल प्राचार्यों को प्रशिक्षण देने के लिए नियुक्त किये 6 मास्टर ट्रेनर्स

प्रशिक्षण की व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक सहभागी को पेन, डायरी, स्वल्पाहार और भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर के रूप में राज्य स्तरीय स्रोत व्यक्ति - जितेंद्र सिन्हा, सरिता मांडले, उद्धव साहू, सागरिका यादव, विकेश यादव और दीपिका साहू को नामित किया गया है, जो सभी संकुल प्राचार्यों को गहराई से मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। राज्य स्तर से प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग सीधे एससीईआरटी रायपुर द्वारा की जाएगी।

### गुणवत्ता सुधार की ठोस पहल

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूती प्रदान करना है। इसके लिए चिन्हित क्षेत्रों के लिए विशेष कार्य योजना तैयार की जा रही है। मूल्यांकन के 20 अलग-अलग बिंदुओं पर गहराई से चर्चा की जाएगी ताकि स्कूल स्तर पर ठोस सुधार सुनिश्चित हो सके।

### प्रतिनिधि नहीं, सिर्फ प्राचार्य होंगे शामिल

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर ने स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि प्रशिक्षण में किसी प्रकार के प्रतिनिधि को अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी संकुल प्राचार्यों को स्वयं उपस्थित होकर प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा, जिसे सर्वोच्च प्राथमिकता ▶▶ शेष पेज 11 पर

# लोधी समाज ने की 7 फीट ऊंची भव्य मूर्ति की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती जिलेभर में धूमधाम से मनाई गई।

- बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती

इसी कड़ी में मारो सर्किल के ग्राम खेड़ा में लोधी समाज द्वारा चंदा एकत्रित कर 7 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा की स्थापना की गई। मूर्ति का अनावरण सम्मानित प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मारो सर्किल अध्यक्ष चंद्रकुमार बबलू राजपूत ने की।

अपने उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने समाज को एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुछ जयचंद लोग अपनी रोजी-रोटी चलाने के लिए समाज का ही पैर खींचने का काम करते हैं। हमें ऐसे लोगों से बचना होगा और समाज को जागरूक बनाना होगा। उन्होंने शराब को समाज की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए नशामुक्त समाज की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया।



**वीरांगना के जीवन पर डाला प्रकाश:** नवागढ़ सर्किल अध्यक्ष ईश्वर लोधी ने वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में हमारे पूर्वजों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। हम उसी वीर रक्त के वंशज हैं और उनके आदर्शों को जीवन में उतारना हमारा कर्तव्य है। अध्यक्षता कर रहे चंद्रकुमार बबलू राजपूत ने कहा कि लोधी समाज के 125 गांवों में फैले संगठन से हमारे बीच से प्रदेश अध्यक्ष का चयन होना गर्व की बात है। उन्होंने खेड़ा ग्रामवासियों को मूर्ति स्थापना एवं अनावरण की बधाई दी। मंच संचालन देवेंद्र कुमार वर्मा ने किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुंगेली जिला युवा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश राजपूत, बेमेतरा जिला युवा अध्यक्ष मुचकुंद राजपूत, मारो सर्किल उपाध्यक्ष पोसगिल सिंह, माधो सिंह, देवराज वर्मा, कमल वर्मा, मधुबन सिंह, ग्राम प्रधान खेड़ा निरंजन सिंह, शिवनंदन सिंह, विषरु राम वर्मा, सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## मध्यरात्रि में भगवान के जन्मोत्सव की आरती

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मना जन्माष्टमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

श्रीरामकृष्ण मंदिर नवागढ़ में जन्माष्टमी महोत्सव इस वर्ष दो दिनों तक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। नगर का ऐतिहासिक मंदिर रंग-बिरंगी रोशनी और सजावट से आलोकित होकर श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित करता रहा। शनिवार की रात मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन की गूंज के बीच मध्यरात्रि को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान की आकर्षक झांकी सजाई गई। श्रद्धालुओं ने नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जैसे भजनों और जयकारों के बीच जन्मलीलाओं का आनंद लिया। आरती के समय पूरा मंदिर परिसर भक्तिभाव से गूंज उठा।

- रविवार को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, भोग-भंडारे में सैकड़ो ने पाया प्रसाद



### दिनभर चला दर्शन और पूजन का दौर

रविवार को सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर के अलावा आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवार सहित पहुंचे। भक्तों ने विधिविधान से पूजन-अर्चन कर मुरलीधर के दर्शन किए। दिनभर मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन का क्रम चलता रहा। महिलाओं ने पारंपरिक गीतों से वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया।

**भोग और भंडारे का आयोजन:** दोपहर को मंदिर परिसर में भोग एवं भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की थी। भंडारे में नगरवासियों सहित बाहर से आए अतिथियों ने भी सहभागिता की।

### समर्पित सहयोगियों का योगदान

आयोजन को सफल बनाने में महंत सुरेंद्र दास, वास्थापक लक्ष्मीचंद जैन, पुजारी गंगा दास की प्रमुख भूमिका रही। साथ ही विशेष सहयोगी मिथलेश बिसेन, बबलू ताम्रकार, अरुण बरनवाल, बिरेन मसी, हरियेंद्र वैष्णव, कुमार वर्मा, बॉबी वर्मा, सोम जैन, प्रज्ञान वर्मा और रिचा पाल का योगदान सराहनीय रहा। **शांति और व्यवस्था के साथ हुआ समापन:** मंदिर के महंत सुरेंद्र दास ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जन्माष्टमी महोत्सव में भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने अनुशासन और श्रद्धा के साथ पर्व का आनंद लिया।

## धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**बेमेतरा।** श्रीराम जानकी मंदिर भिलौरी (सरदा) श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को राधा कृष्ण बनाकर हलवा पूरी का भोग लगाकर पूजा अर्चना किया गया एवं भगवान श्रीकृष्ण से अच्छे बारिश की कामना की गई।

# बेरला में गुरु बालकदास साहेब की जयंती पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला

सतनाम सेना के संस्थापक सेनापति एवं समाज सुधारक गुरु बालकदास साहेब जी की जयंती के अवसर पर रविवार को नगर बेरला में भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए और गुरुजी के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

- गुरु जी का जीवन समाज सुधार और त्याग की प्रेरणा : योगेश तिवारी

कार्यक्रम में योगेश तिवारी ने गुरु बालकदास साहेब जी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें समाज सुधार और सेवा का प्रतीक बताया। उन्होंने अपने उद्बोधन में गुरुजी के सिद्धांतों को जीवन में उतारने का आह्वान किया और बताया कि वे आज भी गुरुजी की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर समाजसेवा कर रहे हैं। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल देसलहरे, पार्षद शिवझाड़ी सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत चंदेल, खनक देशलहरे, साहिल गेन्द्रेरे, मोहन हिरवानी, हेमलता भारती, राजकुमार बंजारे, विजय मंडले, अंजू देसलहरे सहित सतनामी समाज, नगर पंचायत बेरला व आसपास के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल रहे। आयोजन में गुरुजी के पदचिन्हों पर चलकर सामाजिक एकता, सेवा और सतनाम सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार का संदेश दिया गया।

**नशा नहीं, सेवा का संकल्प:** योगेश तिवारी ने कहा कि गुरु बालकदास जी और गुरु घासीदास बाबा का जीवन संदेश देता है कि नशा नहीं ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### रक्षासूत्र बांध फल की टोकरी व तुलसी की भेंट

**भिलाई।** आशाराम आश्रम महिला उत्थान मंडल नंदिनी नगर के तत्वधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीमा सुरक्षा बल रिसाली भिलाई के जवानों को रक्षासूत्र बांधा गया एवं फल की टोकरी एवं तुलसी पौधा भी भेंट किया गया। उक्त जानकारी राधिका साहू महिला मंडल के द्वारा दी गई।

### छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का प्रदर्शन 22 को

**दुर्ग।** मोदी की गारंटी पूरा नहीं होने से नाराज छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से जुड़े विभिन्न कर्मचारी संगठन के कर्मचारी 22 अगस्त को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में जिला पंचायत सभा कक्ष में बैठक हुई। फेडरेशन के जिला संयोजक विजय लहरे ने बताया कि प्रदर्शन में वन कर्मचारी संघ, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, लिपिक संघ, शिक्षक फेडरेशन, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी संघ, लघु वेतन कर्मचारी संघ जीएसटी कर्मचारी संघ सहित विभिन्न कर्मचारी संगठन से जुडे कर्मचारी दफतर बंद कर आंदोलन पर रहेंगे। उक्त बैठक मे जीआर चन्द्रा प्रांतीय पर्यवेक्षक, रोहित तिवारी प्रांतीय पर्यवेक्षक, अजीत दुबे प्रांताध्यक्ष वन कर्मचारी संघ, राजेश चटर्जी संभाग प्रभारी, हरी शर्मा, महासचिव अनुरूप साहू, जीएस टी कर्मचारी संघ प्रमुख प्रदीप चौहान, लघु वेतन कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष मोतीराम खिलाडी, पेंशनर संघ प्रमुख आनंद मूर्ति झा की उपस्थिति में सर्व सम्मति से छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष दुर्ग के भानु प्रताप यादव को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेसन का जिला मीडिया प्रभारी घोषित किया गया।

### मनाई गई कामरेड शिबदास की स्मृति दिवस

**दुर्ग।** एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के संस्थापक महासचिव, आजादी आंदोलन के क्रांतिकारी, मार्क्सवादी दार्शनिक और चिंतक कॉमरेड शिबदास घोष के 50 वें स्मृति दिवस के अवसर पर कैलाश नगर में जनसभा का आयोजन किया गया। सभा के मुख्य वक्ता केन्द्रीय कमेटी सदस्य कॉमरेड द्वरिकानाथ रथ ने बताया कि कॉमरेड शिबदास घोष आजादी आंदोलन की क्रांतिकारी संगठन अनुशासन समिति में 13 वर्ष की उम्र में शामिल हुए थे। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान वे जेल गए। शिबदास घोष ने सही क्रांतिकारी पार्टी के रूप में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) को स्थापित किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से कॉमरेड शिबदास घोष के सिद्धांतों व विचारों पर चलने की अपील की। अध्यक्षता पार्टी के राज्य सचिव कॉमरेड विश्वजीत हारोडे ने किया।

### दुर्ग जिले सहित प्रदेश में बढ़ रहे अपराध कार्रवाई के नाम पर हो रही सिर्फ खानापूर्ति

**भिलाई।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेश और दुर्ग जिला की बिगड़ी कानून व्यवस्था पर तीखा हमला किया है। आप पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था फेल हो चुका है। हर दिन हो रही हत्याओं, चाकूबाजी, लूट से प्रदेश में आम जनता डरी हुई है। कल धमतरी में रायपुर के 3 युवकों की सरेआम दौड़ा दौड़ा कर चाकू मारकर हत्या हो गयी। अपराधियों के हौसले बुलंद है क्योंकि पुलिस प्रशासन कमजोर हो चुकी है। कुम्हारी में अभी तीन दिन पहले चाकूबाजी हुईं लगभग हर रोज नशे की हालत में अपराध जैसे छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया हो नशे का कारोबार आम हो गया हैं जिले का आम आदमी डर के साय मे जीने को विवश हैं। पुरे प्रदेश और दुर्ग जिले मे आपराधिक घटनाये हत्या और चाकूबाजी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। सरकार और गृहमंत्री नींद में सोये हुए हैं । सरेआम सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर चाकू मार रहे, पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। रोज हो रहे सामूहिक दुष्कर्म की घटनाओं से प्रदेश शर्मसार है। उन्होंने कहा भाजपा विधायक गुरु खुशवंत साहेब की गाड़ी पर पत्थरबाज़ी हो जाती है, तो आम जनता की हालत कैसी होगी? सुशासन में कानून व्यवस्था फेल हो चुकी है।

# महान कवि, लेखक, राजनीति के अजात शत्रु थे अटल बिहारी : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ के राज्य निर्माता, महान कवि, लेखक, राजनीति के अजातशत्रु, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर भाजपाजनों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव चंद्राकर, प्रीतपाल बेलचंदन उपस्थित रहे । भाजपा जनों ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण एवं तिलक कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारत रत्न, छत्तीसगढ़ के राज्य निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री जिनके प्रत्येक भाषण में कविताओं के माध्यम से जीवन का सार झलकता है अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के एक ऐसे भीष्म-पितामह माने जाते हैं जो आम जनता में लोकप्रिय और अजात शत्रु यानि उनका कोई भी दुश्मन नहीं था और विपक्ष भी उनका सम्मान करता था। वे जितने अच्छे राजनेता थे। उन्होंने 3 बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा की। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष विनायक नातू, मंत्री आशीष निंमजे, सह कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, सह कार्यालय मंत्री अनूप सोनी, प्रवक्ता दिनेश देवांगन मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, कुलवंत सिंग सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा कार्यालय में मनाई गई वाजपेयी की पुण्यतिथि, कार्यकर्ता व पदाधिकारी हुए शामिल

### कई ऐतिहासिक कार्य किए : ललित

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि श्री अटल प्रधानमंत्री के कार्यकाल में कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य किया जो आज भी हम सभी को याद है सबसे प्रमुख पोखरण परमाणु परीक्षण वैश्विक स्तर पर राजनीतिक दबाव के बावजूद अपनी दृढ इच्छा शक्ति के बदौलत उन्होंने परमाणु परीक्षण किया। कई देशों ने देश पर प्रतिबंध लगाए लेकिन दूरगामी परिणाम को लेकर देश हित में उन्होंने कई राजनीतिक कदम उठाए ऐसे उनके कई कार्य हैं जो हमें प्रेरणा प्रदान करते हैं।



### छग लगातार विकास के पथ पर

दुर्ग महापौर अलका बाघमार ने संबोधित करते हुए कहा कि जब छत्तीसगढ़ का निर्माण हुआ और अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की घोषणा की उसके बाद से छत्तीसगढ़ लगातार विकास के पथ कुछ वर्षों को छोड़कर लगातार अग्रसर है एक बार सदन में जब उनकी सरकार अविश्वास प्रस्ताव पर एक वोट से गिर गई थी तो सरकार के सदस्यों ने कहा था कि एक वोट की खरीदी बिक्री की जा सकती है पर उन्होंने कहा था कि सरकार आएंगे जाएंगे सत्ता प्राप्त करने के लिए ऐसा कार्य मैं नहीं करूंगा।

## अव्यवस्था : खस्ता हाल दुर्ग निगम में सुनने वाला कोई नहीं, पब्लिक परेशान


# त्योहारी सीजन में आधे शहर की स्ट्रीट लाइटें बंद, ट्यूबलर पोल का भी नहीं हुआ मेंटेनेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर सरकार की लचर व्यवस्था ने जनता को त्रस्त कर दिया है। पिछले लंबे समय से शहर के अधिकांश हिस्सों में स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। उन्हें शुरू रखने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। इसे लेकर वार्डवासियों, पार्षदों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। बता दें कि शहर की सफाई व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के नाम पर महापौर अल्का बाघमार लगातार वार्डों का निरीक्षण कर रही हैं।

आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए जा रहे हैं, लेकिन व्यवस्था जस के तस है। न तो वार्डों से कचरा उठ पड़ रहा है। न ही अतिक्रमण पर अंकुश लग पाया है। धमधा नाका मार्ग पर अतिक्रमण बदस्तूर जारी है। इधर त्योहारी सीजन में शहर के अधिकांश हिस्सों में स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट लाइट और यूनिपोल की लाइटें बंद होने से लोग परेशान हो रहे हैं। निदान 1100 में भी उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। जानकारी के मुताबिक शहर के 60 वार्डों में 20 हजार से ज्यादा स्ट्रीट लाइट लगे हैं। उनमें धमधा नाका मार्ग, जेल रोड, इंदिरा मार्केट सड़क, पुलगांव रोड, पोटिया मार्ग सहित अन्य मार्गों में स्ट्रीट लाइटें लगातार बंद है।

## पार्षदों द्वारा की जा रही शिकायत, लेकिन समस्या का निराकरण अब तक नहीं



### शहर के इन क्षेत्रों में लगी एलईडी बंद, जानिए

हरिभूमि पड़ताल में खुलासा हुआ है कि शहर के लगभग सभी आउटर क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। जहां जल रही हैं, वहां गिनती की जल रही हैं। बघेरा, पंचशील नगर, नयापारा, शिवनाथ नदी मार्ग, गया नगर से उरला मार्ग, शनिचरी बाजार से गंजपारा मार्ग, उतई टैम्प स्टैंड से पोटिया मार्ग, पोटिया से बोरसी मार्ग, बोरसी क्षेत्र, जेल रोड, धमधा नाका मार्ग, कादम्बरी नगर, आदित्य नगर, जवाहर नगर, शक्तिनगर सहित अन्य जगहों पर एलईडी बंद है। इसके अलावा कुछ जगह पर हाईमास्ट भी बंद है। लगाए गए यूनिपोल मेंटेनेंस के अभाव में बंद पड़े हुए हैं।

### 7 साल पहले लगाई गई एलईडी खराब होने के बाद भी बदली नहीं जा रही

जानकारी के मुताबिक 7 साल पहले इन एलईडी को लगाया गया था। छत्तीसगढ़ शासन की एलईडी पथ प्रकाश योजना के अंतर्ग उस समय 18164 एलईडी लगाई गई। इसके बाद जरुरत के हिसाब से स्ट्रीट लाइट की संख्या में बढ़ोतरी की गई। हर वार्ड में 60 से 70 एलईडी बंद हैं, जिनके मेंटेनेंस के लिए वार्ड के पार्षद निगम के विद्युत विभाग के चक्कर काट रहे हैं। इन पार्षदों में कांग्रेस समर्थित वार्डों के पार्षद ज्यादा हैं। उनके द्वारा नियमित रूप से निगम के विद्युत विभाग के चक्कर लगाए जा रहे हैं। महापौर को वस्तु स्थिति से अवगत कराया जा रहा है, लेकिन उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है।

### 60 वार्डों में 5 करोड़ 26 लाख खर्च कर लगाई गई एलईडी, 10 करोड़ का भुगतान

ब्यूरो ऑफ एनर्जी फिशिएंसी द्वारा अक्षय ऊर्जा एजेंसी के माध्यम से शहर में एलईडी लगाई गई है। इस पर करीब 5 करोड़ 26 लाख 33 हजार 866 रुपए किया गया है। निगम क्षेत्र में एजेंसी ने 18164 एलईडी लगाए थे। इसके एवज में 7 साल बाद शासन स्तर पर एजेंसी को 10 करोड़ 64 लाख 76 हजार 38 रुपए जारी किया जाना है। इसमें इन 7 सालों में मेटनेंस व अन्य सभी कार्य शामिल हैं। लेकिन कंपनी इसे गंभीरता से नहीं ले रही। ईईएस नामक एजेंसी को काम दिया गया था। वर्तमान में मेंटेनेंस के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है।

**मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने फेल है शहर सरकार**

वर्तमान शहर सरकार जनता को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में ही फेल है। स्ट्रीट लाइट नहीं जल रहे हैं। शिकायत करने में अधिकारी नहीं सुनते। केवल खानापूर्ति की जा रही है। सफाई व्यवस्था पहले से बिगड़ी हुई है। केवल घूमघूम लोगों को भ्रमित करने की कोशिश शहर सरकार के जिम्मेदार कर रहे हैं।
-**राजेश शर्मा,** पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम दुर्ग

# पाटन में मांस विक्रय करने वालों से वसूला गया जुर्माना



**पाटन।** शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेश में मांस-मटन का विक्रय करने वालों पर कार्रवाई की गई। पाटन में खुले में मांस का विक्रय करने वालों से जुर्माना वसूला गया। विश्व हिंदू परिषद ने इसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन को दी। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया। मौके पर जाकर कार्रवाई शुरू की। नगर पंचायत की टीम ढाबों एवं होटल में पहुंचे तो वहां पर बेधड़क मांस का विक्रय करते पाया गया। विश्व हिंदू परिषद के अवधेस सिंह ठाकुर ने कहा कि मास विक्रय बंद करने के निर्देश के बाद भी खुलेआम इसकी बिक्री की जा रही थी। शिकायत के बाद कार्रवाई की गई।

## कमरछठ पर सगरी पूजा कर महिलाओं ने मांगी संतान की लंबी आयु व सुख समृद्धि

**दुर्ग।** न्यू आदर्श नगर, मीनाक्षी नगर में महिलाओं ने गुरुवार को अपनी संतान की लंबी आयु व उसकी सुख-समृद्धि की कामना को लेकर कमरछठ का व्रत रखा। बड़ी संख्या में महिलाओं ने कमरछठ का व्रत रखा और पूजा की। यह त्योहार संतान की लंबी उम्र और खुशहाली के लिए मनाया जाता है। कमरछठ जिसे हलषष्ठी या ललही छठ भी कहा जाता है। इस दिन, माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र और खुशहाली के लिए व्रत रखती हैं और विशेष पूजा करती हैं। महिलाओं ने पूरे विधि-विधान से पूजा की हैं। इसके अलावा, एक चौकी पर कपड़ा बिछाकर कलश स्थापित की और पूजा अर्चना कर कथा सुनाया गया। कमरछठ के दिन, पसहर चावल का विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर उषा राजपूत, सरिता ठाकुर, श्वेता बक्शी,ज्योति कन्नौजे, पूनम सिंह, दीपिका बघेल, रितिका गौतम, प्रियंका सोनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।



## स्कूल में अलंकरण समारोह

# छात्र परिषद का गठन, बैच लगाकर किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

श्री महावीर जैन विद्यालय, शिक्षक नगर में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को औपचारिक रूप से उनके पद और दायित्व सौंपे गए। यह समारोह स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर साइबर क्राईम डॉ. संकल्प राय, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और स्कूल प्रार्थना के साथ हुई। मुख्य अतिथि डॉ. संकल्प राय, ने छात्रों को उनके नए दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं और नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला। नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को बैच और सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही, सभी सदस्यों ने शपथ ली कि वे स्कूल के मूल्यों और नियमों का पालन करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने नृत्य के माध्यम से नेतृत्व और एकता का संदेश दिया। समारोह का समापन धन्यवाद प्रस्ताव और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## स्वच्छता संगम-2025 में निगम का हुआ सम्मान

# स्वच्छता दीदियों का सम्मान हम सभी के लिए प्रेरणा : महापौर अल्का

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में स्वच्छता संगम-2025 का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के नगरीय निकायों की स्वच्छता टीमों और स्वच्छता दीदियों का उत्साहपूर्वक स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम का आयोजन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा बिलासपुर के बहतराई स्थित इंडोर स्टेडियम में किया गया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री तोखन साहू, विधायकगण धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, दुर्ग महापौर अलका बाघमार सहित प्रदेश के विभिन्न नगर निगम व नगर पालिकाओं के महापौर, अध्यक्ष एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वच्छता दीदियों का योगदान अमूल्य है। वे न केवल शहर को स्वच्छ रखती हैं, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य, जीवन की गुणवत्ता और शहर की छवि को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों, विशेषकर दुर्ग नगर निगम की स्वच्छता टीम की सराहना की। कार्यक्रम के तहत स्वच्छता दीदियों का पारंपरिक तरीके से पद-प्रक्षालन और सम्मान, स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 के विजेताओं की घोषणा व सम्मान, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ, जिसका उद्देश्य स्वच्छता व शहरी सौंदर्यीकरण में नवाचार को बढ़ावा देना, नगरीय निकायों में सुशासन, प्रशासनिक कौशल व नागरिक सहभागिता को मजबूत करना था।



## विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

# नशा मुक्ति अभियान : नशे के दुष्प्रभावों की दी गई जानकारी




**दुर्ग।** सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में 13 अगस्त को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार मादक द्रव्यों के सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में समाज में व्यापक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से महाविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा सामूहिक शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य देश के सभी जिलों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और समाज में नशा मुक्त वातावरण तैयार करना है। इस अभियान में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं के साथ-साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता प्रदान तथा सभी को शपथ दिलाई गई । अभियान का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि मिश्रा के मार्गदर्शन मे किया गया।

## महीने में दो बार होगी जोन-2 के सभी वार्डों में नालों की सफाई

# दुर्ग में नालों की सफाई के लिए बनी सफाई एक्सप्रेस टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- महापौर और आयुक्त ने किया शुभारंभ

नगर निगम दुर्ग की सफाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने जोन क्रमांक 2 में सफाई एक्सप्रेस टीम का शुभारंभ किया। इस टीम का गठन विशेष रूप से नालों की गहराई से सफाई और जलभराव की समस्या को रोकने के उद्देश्य से किया गया है। शुभारंभ अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने एक्सप्रेस टीम के 15 चयनित सफाई योद्धाओं को बारी-बारी से गुलाब फूल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने सफाई कर्मियों को निर्देश दिए कि शहर के नालों की सफाई में पूरी निष्ठा और लगन के साथ कार्य करें, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



### टीम सभी वार्डों के नालों को महीने में दो बार करेगी सफाई

एक्सप्रेस टीम का मुख्य कार्य जोन क्रमांक 2 के सभी वार्डों के नालों की महीने में दो बार सफाई करना है। इससे नालों में गंदगी जमा नहीं होगी और बरसात में जल निकासी सुचारु रूप से हो सकेगी। टीम तेजी और कुशलता से कार्य करेगी, जिससे वार्डवासियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण सफाई सेवाएं मिलेंगी। महापौर अलका बाघमार ने कहा शहर की सफाई व्यवस्था में नालों का महत्व बहुत बड़ा है।

### टीम समय पर गुणवत्ता के साथ करेगी सफाई

बरसात के मौसम में जलभराव और गंदगी की समस्या से बचने के लिए सफाई एक्सप्रेस टीम का गठन किया गया है। यह टीम समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ सफाई करेगी। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा हमारा लक्ष्य है कि नालों की सफाई न सिर्फ नियमित हो, बल्कि उसमें गति और गुणवत्ता भी बनी रहे। एक्सप्रेस टीम विशेष रूप से इन दोनों पहलुओं पर काम करेगी। इस अवसर में एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, निलेश अग्रवाल, धर्मेन्द्र मिश्रा, शोएब अहमद सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा।

# आयुक्त ने एसएलआरएम सेंटर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर अंतर्गत जोन कार्यालय निर्माणाधीन एसएलआरएम सेंटर, सार्वजनिक शौचालय, भवन निर्माण एवं अवैध निर्माण का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने किया निरीक्षण। निगम आयुक्त द्वारा जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे के साथ जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार में जोन कार्यालय का निरीक्षण किया गया। टंकी के नीचे बने कमरा में बारिश के पानी से दिवालों एवं सिलिंग में सीपेज आ रहा है, जिसका संधारण कराने निर्देशित किया गया। वार्ड क्रं. 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर में निर्माणाधीन एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण कर कार्य समय पर पूर्ण करने निर्देशित किया गया। समीपस्थ सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर बंद पड़े पंप का संधारण हेतु निर्देशित किया गया। केयरटेकर से साफ-सफाई के संबंध में चर्चा की। निगम आयुक्त द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में रोड साईड में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता रखते हुये कार्य करने निर्देशित किये। शासकीय जमीन पर अवैध रूप से पार्किंग बनाकर कब्जा किया गया है और वहां बड़े वाहनों को खड़ा किया जा रहा है, जिसे हटाने सहायक राजस्व अधिकारी को कहा । पर्यावरण एवं धूलमुक्त शहर की संकल्पना हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में इस रोड को शामिल कराने प्रस्ताव भेजे जाने हेतु जोन आयुक्त को निर्देशित किया गया।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय कर्मयोगी मिशन के अंतर्गत दो प्रशिक्षित




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने भारत सरकार के प्रमुख राष्ट्रीय कर्मयोगी मिशन के अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय लीड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा कर एक नई उपलब्धि अर्जित की है। यह प्रशिक्षण हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान गुड़गांव में आयोजित किया गया था। चयनित अधिकारियों में उप महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्री यशवंत सिंह जौहरी एवं उप महाप्रबंधक (अटोमेशन एंड डिजिटलाईजेशन) श्रीमती नीरजा शर्मा शामिल हैं। राष्ट्रीय कर्मयोगी मिशन, जिसे भारत के प्रधानमंत्री द्वारा सितंबर 2020 में प्रारंभ किया गया, का उद्देश्य सरकारी कर्मियों की मानसिकता, दृष्टिकोण एवं कौशल को आधुनिक बनाना है, ताकि वे समर्पण और दक्षता के साथ देश एवं नागरिकों की सेवा कर सकें। इस मिशन के दोहरे लक्ष्य हैं सेवा भाव का विकास एवं अपने आंतरिक उद्देश्य की पुनः खोज, और राष्ट्रीय लक्ष्यों व हितधारकों, विशेषकर नागरिकों के प्रति सेवा को और सशक्त बनाना।

### सोमेश देवांगन को मिली पीएचडी की उपाधि



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई में प्राध्यापक सोमेश कुमार देवांगन को डॉक्ट्रेट की उपाधि प्रदान की गई। यह उपाधि उन्होंने कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफ़ेसर डॉ. सिद्धार्था चौबे एवं यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ज्योति प्रकाश पात्रा के मार्गदर्शन में प्राप्त की। डॉ. देवांगन को उनकी इस उपलब्धि के लिए के लिए श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस के प्रमुख आईपी मिश्रा, जया अभिषेक मिश्रा, रुद्रांश मिश्रा, डॉ, पीबी देशमुख ने हर्ष व्यक्त किया है।

### बीएसपी के शुभ बंधन समारोह में नवविवाहित जोड़ों का सम्मान सम्मानित

**भिलाई।** बहुउद्देशीय सभागार में शुभ बंधन ए टच ऑफ स्टील (इस्पाती स्पर्श) भेंट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने की।

## पेज 9 का शेष

### प्रतिनिधि नहीं...

दी जानी चाहिए।

### बेरला में गुरु ...

करना, जीव हत्या से बचना और सत्य, अहिंसा एवं समर्पण के मार्ग पर चलना ही सतनाम का असली रास्ता है। उन्होंने बताया कि वे गिरौदपुरी धाम की अब तक 25–30 बार यात्रा कर चुके हैं।
बुजुर्गों के लिए समर्पित आश्रम
योगेश तिवारी ने सभा में जानकारी दी कि रायपुर जिले के ग्राम गोमची में उन्होंने एक सेवा आश्रम की स्थापना की है, जहाँ ऐसे लगभग 250 वृद्ध माता-पिता निवास कर रहे हैं, जिनका कोई सहारा नहीं है। वे उन्हें अपने माता-पिता मानकर निःस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं।

# बारिश से ट्विनसिटी तरबतर, पाटन व धमधा में औसत से कम पानी गिरा

## ग्रामीण क्षेत्र अच्छी बारिश के इंतजार में, अब तक खेती-किसानी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बुधवार की रात हुई बारिश ने ट्विनसिटी को तरबतर कर दिया। भिलाई व दुर्ग में 73.12 मिलीमीटर बारिश हुई है लेकिन गांवों में छीटें ही पड़े। कुछ गावों में थोड़ी देर तक बारिश भी हुई।

धमधा में महज 4.2 मिलीमीटर और पाटन में 10 मिलीमीटर बारिश ही हो पाई। वैसे औसतन बारिश दुर्ग जिले में 46.4 मिलीमीटर हुई। मौसम विभाग द्वारा बुधवार व गुरुवार को भारी बारिश की संभावना जताई गई थी लेकिन दुर्ग जिले तक सिस्टम नहीं पहुंच पाया। पिछले दस दिनों से अच्छी बारिश नहीं होने की वजह से खेत सूखे हैं और दरारें तक आ गई है। फसल को पानी की सख्त जरूरत है। इसी तरह मौसम दगा देता रहा तो फसल मुरझाने लगेंगे और पैदावार बेहद प्रभावित हो सकती है।

### पिछले साल से औसत बारिश 10 मिलीमीटर से ज्यादा कम

दुर्ग जिले में बारिश की स्थिति पिछले साल की तुलना में कम हुई है। पिछले साल 14अगस्त 2024 तक 649.8 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी थी। इस साल अब तक 585.4 मिलीमीटर वर्षा ही हो पाई है। यानी औसत बारिश अब भी 10 मिलीमीटर कम हुई है। जिसकी वजह से खेती-किसानी पर असर पड़ने लगा है। किसान जलाशयों से पानी छोड़ने की मांग कर रहे हैं। जलाशयों में भी जलभराव पिछले साल की अपेक्षा 40 प्रतिशत कम है।



### वातावरण में उमस

मौसम के इस उतार-चढ़ाव की वजह से वातावरण भी गड़बड़ चल रहा है। धूप, बदली और हल्की बारिश ने उमसभरा वातावरण निर्मित कर दिया है। दुर्ग में गुरुवार को अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आई है। न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस था जो सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस कम रहा है।

### अहिवारा में 48.2 मिली बारिश

दुर्ग जिले के अहिवारा में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। अहिवारा में 48.2 मिलीमीटर वर्षा हुई। दुर्ग शहर में 46.4 और भिलाई शहर में 27.8 मिलीमीटर बारिश हुई है। बोरी क्षेत्र में भी 35 मिलीमीटर बारिश हुई है। धमधा व पाटन क्षेत्र में कुछ देर के लिए ही वर्षा हुई। धमधा में 4.2 और पाटन में 10 मिलीमीटर की बारिश हुई।

## आयोजन : जलेबी दौड़ से लेकर मटकी फोड़ तक में निभाई भागीदारी

# पुलिस कॉलोनी में खेलों से मना स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस आवासीय कॉलोनी परिसर बेमेतरा में स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी के पावन अवसर पर खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलोनी की महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में जलेबी दौड़, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, मटकी फोड़ और रंगोली जैसी मनोरंजक स्पर्धाएं आयोजित की गईं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों और महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना तथा छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाना रहा।

**प्रतियोगिताओं के परिणामः** जलेबी दौड़ में पूर्वी बंजारे, वरिका जांगड़े, नायरा, अयांश घृतलहरे, विधि मिश्रा व मिदान मिरि विजेता रहे। मटकी फोड़ में नेहा मिश्रा, स्मृति राजपूत और रूपांजली साहू ने बाजी मारी। कुर्सी दौड़ में महिलाओं में नेहा मिश्रा, पूजा साहू और रोहणी साहू ने स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में मानसी ठाकुर, तनिषा गीतोडे और प्रीति मंडावी विजेता रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में प्रज्ञा साहू, नेहा मिश्रा और स्मृति राजपूत ने जीत दर्ज की। चम्मच दौड़ में कवि मंडावी, अंशिका जांगड़े, नायरा पाटिल, अलीना लहरे और अन्य बच्चों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा और रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान पुलिस परिवारों से आत्मीय भेंट कर बच्चों को चॉकलेट भी वितरित की गई।



### समानता व आत्मनिर्भरता का संदेश देती हैं प्रतियोगिताएं : एएसपी

एएसपी ज्योति सिंह ने कहा कि प्रतियोगिताएं न केवल बच्चों और महिलाओं में आत्मविश्वास जगाती हैं, बल्कि समाज में समानता और आत्मनिर्भरता का संदेश भी देती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आयोजन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग से उपेंद्र सिंह सेंगर व उनकी टीम सहित बड़ी संख्या में पुलिस परिवार, अधिकारी-कर्मचारी व बच्चे उपस्थित रहे।

### गोडगिरी में मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी महापर्व



**बेरला।** श्रद्धा और समर्पण का महापर्व कृष्ण जन्माष्टमी ग्राम गोडगिरी धूमधाम के साथ सम्पन्न हुवा । श्रद्धा महिला मानस मंडली एवं ग्राम वासियों के सहयोग से श्री कृष्ण जन्माष्टमी महापर्व ग्राम गोड़गीरि मे बिशेष रूप से मनाया जाता है इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से भगवान श्री कृष्ण का जन्माष्टमी पर्व बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया । सर्व प्रथम पुरोहित महाराज के द्वारा पूजा अर्चना कर विशेष श्रृंगार किया गया पश्चात भगवान को झूला मे स्थापित किया गया भगवान की अलौकिक दिव्य विग्रह का दर्शन करने रात भर भक्तो का ताता लगा रहा देर रात्रि तक विभिन्न राम धूनी मंडलियो के द्वारा हरि नाम संकीर्तन प्रस्तुत किया गया। अंतिम दिवस मे पूर्णाहुति हवन पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर माँ भद्रकाली जिला मानस संघ के अध्यक्ष देवलाल सिन्हा, ईश्वरी साहू, अलख पाटिल, उमाकांति वर्मा, अध्यक्ष रत्ना वर्मा, उपाध्यक्ष सुमति साहु, कोषाध्यक्ष चंद्रिका वर्मा, सचिव नीरा साहु, सदस्य घसनीन वर्मा, सदस्य सेवतीवर्मा, सदस्य ऋषि साहु, सदस्य संगीता वर्मा, सदस्य फुलमत साहु, जोहत्री वर्मा सहित बड़ी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे ।

### पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी की पुण्यतिथि मनी




**साजा।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर अटल परिसर में पूजा अर्चना कर उन्हें याद किया गया। विधायक ईश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू, नारद वर्मा, रोहित ठाकुर, नारद देवांगन, धनाराम साहू, ज्वाला सिंह, जनपद अध्यक्ष जितेंद्र साहू, विधायक प्रतिनिधि नेतराम साहू, त्रिलोकी साहू, पार्षद कमल राजपूत, दुर्गा गोयल, गोकर्ण साहू, आशीष वर्मा, जगेश्वर सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नगर में मनाई गई रानी अवंती बाई की जन्म जयंती



**साजा।** 16 अगस्त 1857 की स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के जन्म जयंती पर साजा में विराजमान अवंतीबाई की प्रतिमूर्ति के समक्ष समाज के सभी पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु सैकड़ों की संख्या में उपस्थित हुए और पूजन कर उन्हें याद किया। माल्यार्पण पश्चात सभी सामाजिक बंधुओं ने साजा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों को फल वितरण किया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष गोवेंद्र पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, ईश्वर पटेल, रवि वर्मा, बलराम पटेल, सोनू पटेल, विरु पटेल, परमेश्वर वर्मा, पीलू पटेल, लव पटेल, दिनेश पटेल, जोगु पटेल, केशव जघेल, उत्तम जंघेल, विनोद वर्मा, महेश जंघेल, रवि पटेल, तोसु वर्मा, छत्रपाल पटेल, वीरेंद्र जंघेल, भुनेश्वर बघेल, तीर्थराज जंघेल, भूपेंद्र पटेल, प्रहलाद वर्मा, प्रेमलाल पटेल, मुनेश पटेल, टाकेश्वर पटेल, कुश कश्यप, रामावतार वर्मा, कमलनारायण वर्मा सहित सैकड़ों सामाजिक सदस्य उपस्थित थे।



### बच्चों की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा कमरछठ व्रत

**साजा।** संतान की लंबी उम्र के लिए कमरछठ पर्व माताओं ने उत्साह से मनाया। इस अवसर पर शहर में कई जगह पूजा अर्चना की गई। भगवान शिव-पार्वती और गणेश की पूजा अर्चना कर महिलाओं ने अपने संतानों की समृद्धि और लंबी आयु के लिए व्रत रखकर पूजा अर्चना की। शहर के सतबहनिया भरतपुर भाटापारा सरकारी कॉलोनी सहित अनेक स्थानों पर कमर छठ पर्व मनाया गया।



## राजप्रधान सत्यभामा परगनिहा ने किया ध्वजारोहण



**बेरला।** 15 अगस्त को 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धमधा राज प्रधान सत्यभामा परगनिहा के द्वारा पिरदा-भिंभौरी स्थित मनवा कुर्मी भवन में राष्ट्रगान गाकर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर राजप्रधान सत्यभामा परागनिहा द्वारा वीर अमर शहीद बलिदानियों को याद करते हुए कुर्मी समाज सहित क्षेत्र के लोगों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी। उक्त कार्यक्रम में सचिव नारायण वर्मा चंदन, पूर्व युवा अध्यक्ष चन्दहास वर्मा, संरक्षक दुर्गा प्रसाद टिकरिहा, पूर्व उपराजप्रधान शिवा चन्द्रवंशी, यशवंत परगनिहा, सुर्यकांत परगनिहा, टिकेन्द. परगनिहा, सुषमा वर्मा, त्रिलोचना टिकरिहा, कौशल परगनिहा आदि मौजूद रहे।

## भाजपा की विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने की घोषणा के पश्चात राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा दुर्ग जिला भाजपा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में गौरव पथ में स्थित सतनामी आश्रम में कार्यक्रम आयोजित कर विभाजन विभीषिका के समय के दौर को याद किया गया। विभाजन के जनकों के कृत्यों की कड़ी आलोचना की गई।

मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक बजाज रहे। उनके साथ अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, महापौर अल्का बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतपाल बेलचंदन, कार्यक्रम के संयोजक अजय तिवारी, सदस्य अरुण सिंह ,गोपाल खत्री ,सीए श्रीचंद लेखवानी, सिंधी समाज के अध्यक्ष अटल गोदवानी उपस्थित रहे सतनामी आश्रम में कार्यक्रम के पूर्व भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के द्वारा दुर्ग शहर के रानी लक्ष्मीबाई चौक से मौन जुलूस के रूप में पैदल मार्च करते हुए कसारीडीह ,साई मंदिर से होते हुए सिविल लाइन के सामने से सतनामी आश्रम पहुंची । इस अवसर पर संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने कहा कि भारत शताब्दियों से जकड़ी हुई परतंत्रता की बेड़ियां 1947 में एक लंबे स्वतंत्रता संग्राम के बाद टूट गईं । देश जन-जन की आशाओं व आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में बढ़ चला, लेकिन देश को स्वतंत्रता के साथ ही साथ विभाजन की विभीषिका भी झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 अगस्त के दिन को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की।




## भिलाई निगम ने शुरू की स्वच्छ वार्ड, स्कूल व कॉलेज को पुरस्कृत करने की पहल

# वैशालीनगर वार्ड 20 और स्कूल-कॉलेज को मिला पहला रिवाल्विंग अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर का पहला रिवाल्विंग अवार्ड वैशालीनगर वार्ड क्रमांक 20 को मिला है। शंकुतला विद्यालय और रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज को भी रिवाल्विंग अवार्ड से नवाजा गया। ये तीनों अवार्ड पहली बार भिलाई निगम ने दिया है। महापौर नीरज पाल ने आगामी 1 वर्ष हेतु मूल्यांकन पश्चात स्वछतम वार्ड को अपने महापौर निधि से विकास कार्य हेतु 10 लाख रुपए देने की घोषणा भी की । रिवाल्विंग ट्रॉफी भिलाई शहर के श्रेष्ठ वार्ड, श्रेष्ठ स्कूल, श्रेष्ठ कॉलेज को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया। महापौर पाल , आयुक्त राजीव पांडेय ने ये अवार्ड प्रदान किए।

■ स्वच्छता के क्षेत्र में दिया जाता है विल्विंग अवार्ड

### इन वार्डों को मिला पुरस्कार

सबसे स्वच्छतम वार्ड में वैशाली नगर वार्ड 20 को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। नेहरू नगर वार्ड 17 को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। सेक्टर 8 वार्ड क्रमांक 68 को तृतीय पुरस्कार दिया गया है।

### स्वच्छ विद्यालय पुरस्कृत

स्वच्छ विद्यालयों में प्रथम स्थान शकुंतला विद्यालय को प्राप्त हुआ है। द्वितीय पुरस्कार भिलाई नायर समाज स्कूल को प्राप्त हुआ है। तृतीय पुरस्कार कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर को प्राप्त हुआ है ।



### प्रत्येक दो महीने में ट्रॉफी

यह प्रतियोगिता प्रत्येक दो माह में आयोजित की जाएगी। रिवाल्विंग ट्रॉफी प्रत्येक दो माह में अलग-अलग विजेताओं को दिया जाएगा। ऐसे में यह ट्रॉफी प्रत्येक दो माह में एक से दूसरे विजेता के पास जाती रहेगी। इसी कड़ी में प्रथम चरण में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रैंक वाले स्वच्छ वार्ड स्कूल एवं कॉलेज के विजेताओं की घोषणा की गई है। उन्हें रिवाल्विंग ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है ।

### स्वच्छ महाविद्यालय को भी किया सम्मानित

स्वच्छ महाविद्यालय में रुंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज प्रथम स्थान प्राप्त किया है। एमपी क्रिश्चियन कॉलेज को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। शंकराचार्य नर्सिंग महाविद्यालय आमदीनगर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। इन सभी वार्ड, स्कूल एवं कॉलेज से निरंतर ऐसे ही उत्कृष्ट कार्य करने की अपेक्षा की गई है।

### निगम के अधिकारी व कर्मचारी भी सम्मानित

निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियो को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कार्यपालन अभियंता आर के राजपूत, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू, देवेंद्र कुमार वर्मा, रोहित बंजारे, चौधरी महानंद, टिकेश्वर, आशीष जॉन्सन, त्रिलोक चंद एवं मोर संगवारी सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

## संतान और पति के दीर्घायु की कामना कर किया पौधारोपण



**भिलाई।** दुर्ग जिला छत्तीसगढ़ सरयूपारीय ब्राह्मण समाज के द्वारा वृहद वृक्षारोपण और ट्री गार्ड लगाने का आयोजन गोंडवाना भवन में किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की फलदार और छायादार पौधों का रोपण कर उसे संरक्षित रखने ट्री गार्ड लगाया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के पारंपरिक त्योहार बहुला चतुर्थी के उपलक्ष्य में संतान और पति के दीर्घायु और उन्नति की कामना करते हुए पर्यावरण संरक्षण पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमल नारायण शर्मा और अपर्णा चौबे ने किया। इस अवसर पर अपर्णा चौबे ने रोपित किये गए इन पौधों का संरक्षण करते हुए वृक्ष के रूप में परिवर्तित होते तक देखभाल करने की शपथ ली। संरक्षक सुमन पांडेय के साथ शैल किरण शुक्ला, तूलिका तिवारी, संध्या तिवारी ने पर्यावरण और प्रदूषण पर अपने विचार रखे। इस दौरान हरियाली क्वीन का पुरस्कार तुलिका तिवारी, सुमन शर्मा को दिया गया। इस दौरान रोचक गेम्स भी आयोजित किये गए।

## खबर संक्षेप

### श्रद्धा से मनाया जन्मोत्सव

**मुरमुंदा।** ग्राम जामरी में सिन्हा परिवार ने श्रद्धा के साथ कृष्ण जन्माष्टमी मनाया। भुवन लाल सिन्हा का पोता- पोती रवि सिन्हा एवं कृसिका सिन्हा राधा कृष्ण की वेशभूषा में नजर आए। परिजनों ने पूजा अर्चनाकर जन्मोत्सव मनाया। गांव में स्थापित मूर्ति की भी पूजा अर्चना किया गया।

### समारोह में शिक्षिका चतुर्वेदी सम्मानित

**टेडेसरा।** करने वाली राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षिका पारुल चतुर्वेदी को जिला मुख्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने सम्मानित किया। उल्लखनीय है कि श्रीमती चतुर्वेदी के मार्गदर्शन पर बच्चे अंग्रेजी के पाठो को नाटक के रूप में मंचन करते हैं। अंग्रेजी की कविताओं को स्थानीय भाषा में गाते हैं। वह आसपास के गांव के 70 बच्चों को गोद लेकर संगीत की निशुल्क शिक्षा दे रही है। सभी बच्चे प्राचीन कला केंद्र चंडीगढ़ के माध्यम से परीक्षा में शामिल होते है।शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर 2017 में मुख्यमंत्री ज्ञानदीप पुरस्कार, 2023 में राज्यपाल पुरस्कार, शिक्षा शिल्पी सम्मान, नारी शक्ति सम्मान सहित अन्य पुरुस्कार मिल चुके है। उन्हे बीईओ राजूराम साहू, बीआरसी भगतसिंह ठाकुर, सरपंच खिलेश्वर साहू, प्राचार्य धर्मेंद्र जैन , संकुल समन्वयक कामदेव साहू आदि ने बधाई दी है।

### अटल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**खैरागढ़।** खैरागढ़ पिपरिया स्थित जिला भाजपा कार्यालय में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने अटल के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व, विचारधारा और राष्ट्रहित में किया गया समर्पण सदैव प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि श्री बाजपेयी केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि एक सच्चे राष्ट्रभक्त और जन-जन के नेता थे।

### अक्षत और अनंत बने कृष्ण

**डोंगरगढ़।** आज कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर राधिका नगर गोमास्ता परिवार से अर्पित, अक्षत और नन्हा बालक अनंत कृष्ण बने थे। उन्हे शहर के विभिन्न मंदिर में दर्शन कराया गया और नगर भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर माँ बम्लेश्वरी मंदिर एवम् महावीर मंदिर मे भक्तो, और दर्शनाथियों के भारी भीड़ के बीच तीनो कृष्ण बने बच्चे विशेष आकर्षण का केंद्र बने।

### घर में लगी आग से घरेलू सामान जलकर राख

**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत गंडई के वार्ड क्रमांक 2 में रहने वाले रामकृपाल डहरिया के घर में अज्ञात कारणों से आग लगने से हड़कंप मच गया। इस घटना में घर में रखा दीवान पलंग, 40 हजार रूपए नगद और अन्य जरूरी घरेलू सामान जलकर राख हो गया। रामकृपाल डहरिया ने बताया कि 16 अगस्त की रात करीब 1 बजे उन्हें जलने की बदबू आई। जब उन्होंने स्टोर रूम खोलकर देखा तो आग की लपटें उठ रही थीं।

**पर्व : तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का एक महान अनुष्ठान है : दीपेश साहू**

# विधानसभा स्तरीय विशाल तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मोर तिरंगा, मोर अभिमान हर घर तिरंगा – घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम में नव नियुक्त प्रदेश मंत्री संध्या परगनिया, नव नियुक्त प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक अवधेश सिंह चंदेल, तिरंगा यात्रा प्रभारी हर्षवर्धन तिवारी ,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा भी शामिल रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का एक महान अनुष्ठान है, जो भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान-शान है, इसकी रक्षा और मान-सम्मान के लिए हर नागरिक को दृढ़संकल्पित होना चाहिए। स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हर घर तिरंगा फहराएगा और भारत आर्थिक एवं सांस्कृतिक रूप से और अधिक सशक्त बनेगा। विधायक साहू ने 'भारत माता की जय' और 'छत्तीसगढ़ महतारी की जय' के उद्घोष के साथ जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत एक सशक्त और सम्मानित राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने हाल ही में पहलगाम में हुए कायराना हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' में हमारे वीर जवानों द्वारा दिखाए गए साहस और



पराक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है, जिसने तिरंगे की शान को और ऊंचा किया।विधायक साहू ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने घरों पर तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता संग्राम के वीरों का स्मरण करें।विधायक साहू ने इस आयोजन में शामिल सभी स्कूली बच्चों, शिक्षकों, कार्यकर्ताओं भाजपा पदाधिकारियों और नगरवासियों की देशभक्ति भावना की सराहना की और इस भव्य तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को हार्दिक बधाई दी।

### भव्य तिरंगा यात्रा- एकता और उत्साह का अद्भुत संगम

उल्लेखनीय है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत बेमेतरा में विधानसभा स्तरीय भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। बेमेतरा के यह यात्रा शासकीय कन्या विद्यालय बेमेतरा से प्रारंभ होकर भद्रकाली प्रवेश द्वार, श्री राम एकेडमी, नवधा चौक सिंघौरी, कर्मा चौक सिंघोरी, सिग्नल चौक, कोबिया होते हुए विधायक कार्यालय बेमेतरा में संपन्न हुई। हल्की-हल्की बारिश के बीच लहराते तिरंगों, गूंजते भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों ने देशभक्ति के जज़्बे को और ऊँचाइयों पर पहुँचा दिया। **ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में प्रमुख रूप से – तिरंगा यात्रा प्रभारी हर्ष वर्धन तिवारी,वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र वर्मा, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष गजानंद साहू बेरला ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत महेश साहू, नगरपालिका उपाध्यक्ष अशोकशर्मा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन पार्षद पंचू विकाश तम्बोली नीतू कोठारी गौरव साहू लक्की साहू राजकुमार खांडे सिमरन ताम्रकार,धर्मेंद्रसाहू , पिंकी नेमा गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि किशुन साहू ,भानूराम साहू सोसायटी अध्यक्ष दोहाई लाल वर्मा , डेरहा देवांगन, रोहित साहू ,संदीप यादव, ममता साहू, हेमलता शर्मा, राजीव तम्बोली, नितेश सोनी डॉ विनय साहू ओमकार साहू राजा गौकरण साहू रेवा राम निषाद ताकेश्वर सोनी पोषण निर्मलकर प्रियांशु सिँह भाजपा पदाधिकारी ,कार्यकर्त्ता ,नगरवासी स्कूली छात्र छात्राएं श्री राम एकेडमी की छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## लावातरा स्कूल में शान से लहराया तिरंगा

- उत्कृष्ट शिक्षक, समाज सेवक एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों का चांदी के मेडल से हुआ सम्मान
- शहीदों को श्रद्धांजलि, ग्राम भ्रमण के साथ राष्ट्रीय ध्वज का

**बेमेतरा।** बेरला विकासखंड के ग्राम लावातरा में स्वतंत्रता दिवस का 79वां पर्व बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। जनप्रतिनिधियों और विद्यालयीन बच्चों ने बैंड बाजे के साथ प्रभात फेरी निकाली, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। ग्राम भ्रमण के दौरान प्रमुख स्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज का गरिमापूर्ण ध्वजारोहण किया गया। शासकीय हाईस्कूल, ग्राम पंचायत, पशु औषधालय, डाकघर, गांधी चौक और आंगनबाड़ी केंद्रों पर वरिष्ठ नागरिकों व पंचों के द्वारा ध्वजारोहण हुआ। विद्यालयीन बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया, जबकि विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर अपने



विचार व्यक्त कर बच्चों को पढ़ाई हेतु प्रेरित किया। **पुरस्कार वितरण समारोह :** इस वर्ष दसवीं बोर्ड परीक्षा में 80% से अधिक अंक प्राप्त आठ विद्यार्थियों को चांदी के मेडल एवं प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, एनएमएमएस में चयनित छात्रा टिकेश्वरी साहू और केंद्रीय गणित परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त छात्रों को भी पुरस्कार प्रदान किया गया। तीन वर्षों से शत प्रतिशत उपस्थिति वाले 12 विद्यार्थियों को उपस्थिति प्रोत्साहन पुरस्कार से नवाजा गया। शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए व्याख्याता भुवन लाल साहू और शिक्षिका वीणा देवी सारथी को चांदी के मेडल से सम्मानित किया गया।

**सामाजिक सेवा सम्मान :** ग्राम पंचायत लावातरा के सरपंच एवं पंचगण द्वारा यादव समाज के तीन समाज सेवकों दाऊ यादव, धन्नू यादव, आजू राम यादवऔर सेन समाज के दो समाज सेवकों राम खिलावन सेन एवं मकुंद सेन का चांदी के मेडल से सम्मान किया गया। राज्य स्तरीय स्काउट गाइड जांच शिविर में चयनित पांच विद्यार्थियों को राज्यपाल प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणजन, शिक्षकगण और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## परपोड़ा में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**बेरला।** ग्राम परपोड़ा में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे जोश और उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। ग्राम के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल परपोड़ा में जनपद सदस्य नीरज सिंह राजपूत ने ध्वजारोहण किया। इसके अतिरिक्त शासकीय प्राथमिक स्कूल नयापारा में शाला विकास समिति अध्यक्ष नरेश साहू, आंगनबाड़ी केंद्र, बजरंग चौक, राममंदिर चौक, तिरंगा चौक, शीतला चौक, ग्राम पंचायत परपोड़ा पर भी सरपंच फत्ते लाल साहू और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा ध्वजारोहण समारोह सम्पन्न हुए। कार्यक्रम में जनपद सदस्य नीरज सिंह राजपूत ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह दिन केवल तिरंगा फहराने या मिठाई बांटने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का दिन है जिन्होंने अपनी जान की आहुति देकर आजाद भारत का सपना साकार किया। उन्होंने स्वतंत्रता को सिर्फ खुला आसमान में सांस लेने तक सीमित न रखते हुए इसे एक बड़ी जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा कि जब तक देश का अंतिम नागरिक भी विकास से जुड़ा नहीं होता, तब तक स्वतंत्रता अधूरी है। उन्होंने युवाओं, विद्यार्थियों और समाज के जिम्मेदार नागरिकों से अपील की कि वे मिलकर देश के बेहतर भविष्य के लिए काम करें और हर छोटे-छोटे प्रयास से देश को मजबूत बनाएं। इस अवसर पर पंचगण, शिक्षकगण, ग्रामीणजन और स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### परपोड़ा के विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण

ग्राम परपोड़ा के शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल, प्राथमिक स्कूल नयापारा, आंगनबाड़ी केंद्र, बजरंग चौक, राममंदिर चौक, तिरंगा चौक, शीतला चौक तथा ग्राम पंचायत परपोड़ा में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। हर स्थल पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस का महत्व रेखांकित किया। **नीरज सिंह राजपूत का संदेश :** जनपद सदस्य नीरज सिंह राजपूत ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल तिरंगा फहराने का उत्सव नहीं बल्कि जिम्मेदारी की याद दिलाने वाला दिन है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को समान अधिकार, शिक्षा व सम्मान मिलना जरूरी है। उन्होंने युवाओं व समाज से अपील की कि वे देश की उन्नति में योगदान दें, चाहे वह किसी जरूरतमंद की सहायता हो या ईमानदारी से कार्य करना। उनका संदेश था, हर छोटा कदम बड़ा बदलाव ला सकता है।

## चुहका में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

- सरपंच ने किया ध्वजारोहण, बच्चों ने प्रभात फेरी निकाल कर दी

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला चुहका में आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस का 79वां वर्ष हर्षोल्लास से मनाया गया। बच्चों ने सर्वप्रथम प्रभात फेरी निकाली। पश्चात ग्राम पंचायत गड्डवा सरपंच फाफी रोहित बया के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को पुष्पहार व गुलाल के द्वारा स्वागत किया गया।

बच्चो ने देशभक्ति गीत, कविता, भाषण, चुटकुले प्रस्तुत किये। पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठिका मंजुलता धुर्वे ने बच्चो को राष्ट्रध्वज का सम्मान करने कहा व सिखाया। प्राथमिक शाला प्रधान पाठक रीखी यादव ने आजादी के महत्व के बारे में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, आमजनों एवं विद्यार्थियों को जानकारी दिया। स्वतंत्रता दिवस अवसर पर बड़ी संख्या में पालकगण व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**ये रहे उपस्थितः** शाला के स्टॉफ दीपक राजपूत, ए. डी. महिलांगे,किशन लाल ठाकुर व प्रकाश साहू उपस्थित रहे। कार्यकम का संचालन प्रकाश साहू के द्वारा किया गया।इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष ऊषा यादव व पीला राम पटेल,कौशल पटेल, नारायण पटेल, अजीत पटेल, रामजी पटेल, परस पटेल, का विशेष योगदान रहा।

## लालपुर स्कूल के बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली

- शिक्षकों और छात्रों ने नारों व स्लोगन से किया देशभक्ति का संचार
- पंच, सरपंच, मितानिन व पालकों ने भी रैली में निभाई सक्रिय भूमिका

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर विकासखंड नवागढ़ में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा जागरूकता जन-जन तक पहुंचाने के लिए लालपुर ग्राम में चौक-चौराहे में पंच, सरपंच, मितानिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पालक के सहयोग लेते हुए हर घर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 2 अगस्त से 15 अगस्त तक सभी अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और हर घर तिरंगा अभियान में अपनी सहभागिता निभाएं संदेश को देने के लिए स्लोगन के साथ शिक्षक शांत कुमार पटेल एवं बच्चों के द्वारा घर-घर में तिरंगा हम लहराएंगे, आजादी का अमृत महोत्सव शान से मनाएंगे। तीन रंग का प्यारा झंडा, हर घर में लहराएंगे तिरंगा। भारत की है शान तिरंगा, भारत की है पहचान तिरंगा।

आइए मिलकर राष्ट्रभक्ति की अलग जगाएंगे, हर घर तिरंगा हम फहराएंगे, देश की मिट्टी करे पुकार, सब करें तिरंगे से प्यार, नारों के साथ सभी शिक्षक एवं बच्चे मिलकर भ्रमण के साथ संदेश दिया गया। **ये रहे उपस्थितः** तिरंगा रैली के अवसर पर माध्यमिक शाला प्रधान पाठक रामायण मनहरे, संकुल समन्वयक सतीश कुर्रे, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक बृजपाल सिंह डाहिरे, शिक्षक घनश्याम प्रसाद साहू, मोतीराम पात्रे, शान्त कुमार पटेल, विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि एवं पालकगण उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, विविध कार्यक्रमों से सजा उत्सव

- बच्चों ने पेश किए मनमोहक कार्यक्रम, वीर जवानों को किया याद

**बेमेतरा/बेरला।** शासकीय हाईस्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, उप स्वास्थ्य केंद्र बारगांव में शुक्रवार स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ ध्वज बनाना, भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठन व फैंसी ड्रेस गतिविधियों का आयोजन किया गया।

शासकीय हाईस्कूल में शाला विकास समिति के अध्यक्ष सतीश यादव व सरस्वती शिशु मंदिर में भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री समीर वर्मा ने ध्वजारोहण किया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष सतीश यादव ने कहा कि देश में हम कहीं भी जा सकते हैं, ये सब हमें मिली आजादी के कारण हुआ है। हमें आजादी देश के महान बलिदानी क्रांतिकारियों के बलबूते मिली है। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर में ध्वजारोहण के दौरान युवा मोर्चा के जिला महामंत्री समीर वर्मा ने कहा कि उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें और किसी न किसी रूप में देश की प्रगति में योगदान दें। स्कूलों में हर तरफ से देश भक्ति के नारों से गूंज सुनाई दी। इस अवसर पर विभिन्न



प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। ध्वजारोहण के बाद बच्चों को प्रसाद प्रसाद वितरण किया गया।

### ग्राम पंचायत बारगांव में सरपंच शशिकला ने किया ध्वजारोहण

ग्राम पंचायत बारगांव में सरपंच शशिकला मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान पंच, उपसरपंच व जनता को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस को मनाने की सार्थकता तभी है, जब हम महापुरुषों के जीवन का अनुसरण करें। **ये रहे उपस्थितः**



बच्चों ने देशभक्ति गीतों व कविताओं से देश की आजादी के लिए शहीद होने वालों की कुर्बानी को याद किया गया। इस अवसर पर सचिव लवकुश दास मानिकपुरी, उपसरपंच टिकेश कुमार वर्मा, पंच बिरेन्द्र साहु, छम्मन यादव, देवकी साहू, संतोषी/संतोष साहू, रामेश्वरी साहू, सोमनाथ साहू, मिथलेश श्रवण यादव, गायत्री कुर्रे, संगीता साहू, लक्ष्मी यादव, अनिता/रामजी निषाद शामिल है। कोमल वर्मा (सोनू), तरुण यादव (बिट्टू), जयश्री ध्रुव, प्रकाश कुमार साहू, सुनीता निषाद, तखत राम साहू, पूर्णिमा साहू, मनहरण लाल यादव व पंचायत के स्टाफ उपस्थित थे।

### सेवा सहकारी समिति में अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने किया ध्वजारोहण

भाजपा जिला महामंत्री व सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने सेवा सहकारी समिति बारगांव में ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे देश का सर्वश्रेष्ठ त्यौहार है। स्वतंत्रता दिवस हम सभी को देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा की गई कुर्बानियों को याद करवाता है और हम सभी को आपने महान राष्ट्र की सेवा और रक्षा करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि हम सभी के जीवन में राष्ट्र सर्वप्रथम होना चाहिए। देश है तो हम हैं की भावना प्रत्येक नागरिक के मन में होनी चाहिए। कोई भी कार्य करने से पहले देश हित को देखना चाहिए। हम सभी को भारत की उन्नति के लिए मिलकर प्रयास करने चाहिए । उन्होंने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए हम सभी को अपने महान राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव रखकर कार्य करना चाहिए । हमेशा देश सेवा के लिए तैयार रहना चाहिए। इस अवसर पर सेवा सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष विजय पारख, समिति प्रबंधक अनिल यादव, खाद इंचार्ज रमेश साहू, देवेंद्र साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज यादव, शांतिलाल जैन, देवेंद्र वर्मा, सतीश यादव उपस्थित रहे।

# गब्दा की ग्राम विकास समिति ने गब्दा-पिरदा सड़क निर्माण के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला/भिंभौरी

- 15 वर्षों से जर्जर हालत में ग्राम गब्दा–पिरदा मार्ग, बार–बार दिए ज्ञापन बेअसर



ब्लॉक बेरला के ग्राम गब्दा की ग्राम विकास समिति ने मंगलवार को बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा को गब्दा-पिरदा मुख्य मार्ग के निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क पिछले 15 वर्षों से अत्यंत जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण आवागमन में भारी दिक्कतें आ रही हैं। ग्रामवासियों ने इस संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व एवं वर्तमान विधायक, कलेक्टर, उपमुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री समेत कई उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भेजा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस सड़क निर्माण के मामले में कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई, तो वे छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के साथ मिलकर संवैधानिक तरीके से आंदोलन करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान सूर्या सिंह चौहान, नीलेश साहू, गजेंद्र निषाद, धनंजय निषाद सहित कई ग्रामवासी मौजूद थे।

### सड़क की स्थिति जर्जर

ग्राम गब्दा से ग्राम पिरदा तक मुख्य मार्ग पिछले 15 वर्षों से खराब हालत में है। वर्षों से इस सड़क की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए कई बार जिला एवं राज्य प्रशासन से मांग की गई, परंतु कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। इस कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

### आंदोलन की दी चेतावनी

ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि यदि शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं होता है, तो वे छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के माध्यम से संवैधानिक तरीके से आंदोलन करेंगे। उनका कहना है कि यह कदम उनकी मूलभूत जरूरतों और विकास के लिए जरूरी है, जिसका अनदेखा करना अब असहनीय हो चुका है।



